web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 28 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 331

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चंपाई सोरेन को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी, हेमंत मंत्रिमंडल से कल देंगे इस्तीफा

**झारखंड (आरएनएस)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च शिक्षा और जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद असम के सीएम और झारखंड भाजपा के विस चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि चंपाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और वह आधिकारिक तौर पर रांची में 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। वहीं, अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया है। झारखंड लौटने के बाद उन्हें नया सुरक्षा कवर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार अमित शाह सितंबर के पहले सप्ताह चंपाई के गांव जिलिंगगोड़ा जाएंगे। यहां अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन ने 29 अगस्त को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। कहा जा रहा है कि 28 अगस्त को वह चाईबासा में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की लाभुक महिलाओं को सम्मान राशि देंगे। उसी दिन चंपाई झामुमो की सदस्यता और हेमंत मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे।

### शिवाजी महाराज की 35 फीट ऊंची प्रतिमा ढही, नौसेना करेगी जांच; 8 माह पहले पीएम मोदी ने किया था अनावरण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा तेज हवाओं के कारण ढह गई। यह प्रतिमा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर 2023 को अनावरण की थी। प्रतिमा गिरने के बाद विपक्षी पार्टियों ने राज्य सरकार की सुरक्षा और निर्माण मानकों पर सवाल उठाए हैं। भारतीय नौसेना, जिसने इस प्रतिमा का निर्माण किया था, ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। नौसेना ने कहा कि राज्य सरकार और अन्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर वे जल्द से जल्द प्रतिमा की मरम्मत और पुनर्स्थापना के लिए कदम उठाएंगे। सिंधुदुर्ग पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में ठेकेदार जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 109, 110, 125, 318 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। इस घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है, और प्रतिमा की मरम्मत और पुनर्स्थापना के लिए प्रयास जारी हैं।

### मंडी में कार ने बाइक को मारी टक्कर, बच्चे की मौत,चार घायल

**मंडी (आरएनएस)।** हिमाचल में जिला मंडी के तहत आने वाले जोगिंद्रनगर शहर के साथ लगते ढेलू गडियाडा में एक कार हादसे में नौ महीने की बच्चे की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर जोगिंद्रनगर के साथ लगते ढेलू गडियाड़ा में सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक कार अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे खड़ी बाईक और उसके साथ खड़े दो युवकों को टक्कर मारने के बाद साथ लगते खेत में जा गिरी। घटना के बाद सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर लाया गया जहां से गंभीर रूप से 4 घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। टांडा में उपचार के दौरान 9 महीने के बच्चे की मौत हो गई। बाईक के साथ खड़े दोनों युवकों को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायलों की पहचान संदीप कुमार, अमित कुमार, गौरव कुमार और अंशुल के रूप में हुई हैं। उधर, टांडा मे उपचाराधीन संदीप कुमार की हालात नाजुक बताई जा रही है, जबकि नौ महीने के मासूम अविनाश ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## आतंकी हमलों से दहला पड़ोसी देश, 70 से अधिक लोगों की मौत; सेना ने मार गिराए 21 हमलावर

**क्वेटा**



दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक के बाद एक कई आतंकी हमलों में 70 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। सैन्य और पुलिस अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी गई है।रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की सेना ने कहा कि लासबेला जिले के एक शहर बेला में एक प्रमुख राजमार्ग पर वाहनों को निशाना बनाकर किए गए एक बड़े हमले में 14 सैनिक और पुलिस के साथ-साथ 21 आतंकवादी मारे गए।

मुसाखेल जिले में एक अलग हमले में, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने कथित तौर पर एक काफिले को रोका, उनकी पहचान की और यह पता करने के बाद कि वे पंजाब से थे, कम से कम 23 नागरिकों को मार दिया, साथ ही 35 वाहनों में आग लगा दी। कलात में एक पुलिस चौकी और एक राजमार्ग पर हुए हमले में कथित तौर पर दस लोग – पांच पुलिस और पांच नागरिक मारे गए।

रेलवे अधिकारी मुहम्मद काशिफ ने बताया कि सोमवार को बोलन शहर में एक रेल पुल पर विस्फोट के बाद क्वेटा रेल यातायात निलंबित कर दिया गया। यह रेल मार्ग क्वेटा को पाकिस्तान के बाकी हिस्सों से जोड़ता है, साथ ही पड़ोसी ईरान के साथ रेल लिंक भी है। रेलवे पुल पर हमले वाली जगह के पास अब तक पुलिस को छह अज्ञात शव मिले हैं। बलूचिस्तान प्रांत में कई साल से विद्रोह चल रहा है, वहां कई सशस्त्र समूह मौजूद हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, मानवाधिकार समूहों ने बलूचिस्तान आंदोलन के प्रति पाकिस्तान की प्रतिक्रिया की निंदा की है, जिसमें जबरन लोगों को गायब करना और दमन के अन्य रूप शामिल हैं।

पंजाब प्रांत को जोडऩे वाले राजमार्ग पर हमले से पहले बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने लोगों को राजमार्गों से दूर रहने की चेतावनी दी थी। एक बयान में, समूह ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने सादी वर्दी में यात्रा कर रहे सैन्य कर्मियों को निशाना बनाया, जिन्हें पहचाने जाने के बाद गोली मार दी गई। हालांकि, पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने कहा कि मारे गए लोग निर्दोष नागरिक थे। घायलों को डेरा गाजी खान के एक अस्पताल में ले जाया गया, जो सबसे नजदीकी अस्पताल है।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अलग-अलग बयानों में मुसाखाइल हमले को बर्बर बताया और कहा कि हमलावर बच नहीं पाएंगे। पंजाब सरकार की प्रवक्ता उज्मा बुखारी ने हमलों की निंदा करते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया और बलूचिस्तान सरकार से बीएलए आतंकवादियों को खत्म करने का आह्वान किया।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने भी वादा किया कि हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पूरे प्रांत में सुरक्षा बलों ने 12 विद्रोही लड़ाकों को मार गिराया है।

बलूचिस्तान में पहले भी इसी तरह के हमलों की जिम्मेदारी बीएलए ने ली है। मई में ग्वादर में सात नाइयों की हत्या या अप्रैल में हाईवे से कई लोगों को अगवा कर उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बलूचिस्तान में बीएलए जैसे सशस्त्र समूहों का मकसद अलगाववाद है, जो अक्सर पंजाब से काम करने के लिए आने वाले मजदूरों को निशाना बनाते हैं।

## अब 18 नहीं 21 साल होगी लड़कियों की शादी की उम्र, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बिल पास

**शिमला । आरएनएस**



हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की शादी की उम्र 18 नहीं बल्कि 21 साल होगी। सरकार ने इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र में 'हिमाचल प्रदेश बाल विवाह प्रतिषेध विधेयक-2024' पेश किया, जो बिना चर्चा के सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। अब इस बिल को मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा। अभी तक प्रदेश में लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल है।

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने बाल विवाह प्रतिषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक, 2024) पेश किया। प्रदेश में अभी लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है। राज्य सरकार इसमें तीन साल की बढ़ोतरी कर रही है। इसके संशोधित ड्राफ्ट को राज्य मंत्रिमंडल ने 7 महीने पहले ही मंजूरी दे दी थी। मंगलवार को सदन में संशोधन विधेयक पारित हो गया। विधानसभा के मानसून सत्र में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हमारी सरकार ने कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। हिमाचल प्रदेश में अपराध के लिए कोई स्थान नहीं है। सदन में सरकार सार्थक चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है, लेकिन विपक्ष इससे भाग रहा है। दिशाहीन विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के आठ मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई । आरएनएस**



श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार तडक़े तमिलनाडु के आठ मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मछली पकडऩे वाली नाव को भी जब्त कर लिया गया है। सभी मछुआरों को श्रीलंका के मन्नार नौसेना शिविर ले जाया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आठ मछुआरे तमिलनाडु के रामेश्वरम क्षेत्र के हैं।

मछुआरा संघ के नेता आर. राजेंद्रन ने गिरफ्तार मछुआरों की रिहाई के लिए राज्य और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

उन्होंने कहा, श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों की गिरफ्तारी बेहद निंदनीय है और हम इस अमानवीय व्यवहार के खिलाफ अपना विरोध जताते हैं।

बता दें कि श्रीलंकाई नौसेना ने एक दिन पहले ही नागापट्टिनम और रामेश्वरम से 11 तमिल मछुआरों को गिरफ्तार किया था।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा था कि 2024 की शुरुआत से अब तक तमिलनाडु के कुल 324 मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा पार करने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया है।

तमिलनाडु के रामेश्वरम, पुदुकोट्टई और नागपट्टिनम के मछुआरे श्रीलंकाई नौसेना के डर से समुद्र में जाना नहीं चाहते।

श्रीलंकाई नौसेना के हमले में गहरे समुद्र में घायल हुए मछुआरे रामलिंगम की पत्नी के. श्रीमती ने आईएएनएस से कहा, अब हम अपने लोगों के समुद्र में जाने से डरते हैं। उन्हें श्रीलंकाई नौसेना के हमलों का सामना करना पड़ता है। पता नहीं कौन कब गिरफ्तार कर ले। जब तक भारत सरकार और तमिलनाडु सरकार हस्तक्षेप नहीं करती और इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकालती, तब तक हम भूखे मर जाएंगे। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से स्थायी समाधान के लिए केंद्र पर दबाव डालने का आह्वान किया।

## नाराज होकर घर से निकली नाबालिग से अस्पताल में गैंगरेप, सफाईकर्मियों ने बहला-फुसलाकर किया गंदा काम

**जोधपुर । आरएनएस**



राजस्थान के जोधपुर शहर में एक बार फिर शर्मनाक घटना सामने आई है। सरकारी अस्पताल परिसर में 14 साल की नाबालिग के साथ गैंगरेप की वारदात घटी है। पीड़िता रविवार को घर से नाराज होकर निकल गई थी और अस्पताल परिसर में पहुंच गई थी, जहां दो सफाईकर्मियों ने उसे निशाना बनाया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) निशांत भारद्वाज के अनुसार, पीड़िता को रविवार शाम को उसके घरवालों ने डांट दिया था, जिसके बाद वह बिना बताए घर से बाहर निकल गई। रात को वह जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल परिसर पहुंची, जहां सफाईकर्मी ने उसे बहला-फुसलाकर अस्पताल के कैदी वार्ड के पास स्थित एक कोठरी में ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया और फिर उसे वहां छोड़ दिया।

पीड़िता के घर से गायब होने की रिपोर्ट मिलने पर उसके पिता और परिवार ने तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद, पिता ने पुलिस को सूचना दी और लडक़ी के बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की एफआईआर दर्ज करवाई। अगले दिन शाम को, पीड़िता अस्पताल परिसर के आसपास अकेली घूमती मिली। पुलिस ने उसे थाने ले जाकर बयान लिया और परिजनों को सूचित किया।

पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर गैंगरेप और पोक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। एफएसएल ने घटना स्थल की जांच की और साक्ष्य एकत्रित किए। दोनों आरोपियों को पहचान कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी करके हिरासत में लिया गया है।

यह घटना जोधपुर में नाबालिगों के साथ होने वाली तीसरी ऐसी घटना है। 20 अगस्त को, शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के डिफेन्स कॉलोनी में 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। हाल ही में जोधपुर में लगातार नाबालिगों के साथ हैवानियत की घटनाओं ने शहरवासियों में डर और गुस्सा पैदा कर दिया है।

## अस्पताल में जूनियर डॉक्टर पर हमला, वार्ड में सबके सामने बाल पकड़कर खींचा और पटक दिया; सीसीटीवी में घटना कैद

**नई दिल्ली । आरएनएस**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए रेप और मर्डर मामले के बाद देश भर में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में जूनियर डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा योजना की जानकारी दी है ताकि भविष्य में ऐसे घटनाओं से बचा जा सके। हाल ही में एक मामला सामने आया है जिसमें आंध्र प्रदेश के तिरुपति में एक मरीज ने जूनियर डॉक्टर पर हमला कर दिया। यह घटना श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसवीआईएमएस) के अस्पताल में हुई और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि हमलावर डॉक्टर को बालों से पकडक़र उसके सिर को अस्पताल के बिस्तर के स्टील फ्रेम पर पटकता है। अन्य डॉक्टर तुरंत अपने साथी की रक्षा के लिए पहुंच जाते हैं और हमलावर को नियंत्रित कर लेते हैं। यह घटना तिरुपति के एसवीआईएमएस के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में घटी।

एसवीआईएमएस के निदेशक सह कुलपति डॉ. आरवी कुमार को एक पत्र में इंटर्न ने बताया कि वह शनिवार को आपातकालीन चिकित्सा विभाग में ड्यूटी पर थी। पत्र में उसने लिखा, मुझ पर मरीज बंगारू राजू ने हमला किया, जिसने अचानक मेरे पास आकर मेरे बाल खींचे और मेरे सिर को खाट की स्टील की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। उसने यह भी कहा कि वहां कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था।

इस घटना के बाद पीड़िता ने अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की वारदात से कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न होती है। उसने बताया कि यदि मरीज के पास धारदार हथियार होता, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। डॉक्टर ने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की मांग की।

घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग की। यह घटना कोलकाता में एक जूनियर डॉक्टर के रेप और हत्या की घटना के कुछ सप्ताह बाद सामने आई है। उस घटना में 31 वर्षीय महिला डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और देश भर के कई प्रमुख संस्थानों के डॉक्टर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों की मांग को लेकर सडक़ों पर उतर आए हैं।

## मथुरा में कूटू के आटे से बने पकोड़े खाने वाले 50 लोगों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**मथुरा । आरएनएस**



मथुरा में कृष्ण जनमाष्टमी पर उपवास के दौरान कूटू के आटे से बने पकोड़े खाने वाले 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मामला मथुरा के फरह इलाके का है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कूटू के आटे के पकोड़े बनाए गए थे। पकोड़े खाने के कुछ देर बाद ही लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। आनन-फानन में बीमार लोगों को फरह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

मरीजों में कुछ की हालत बिगडऩे लगी, जिसके बाद छह लोगों को आगरा के एसएन अस्पताल रेफर किया गया। इसके अलावा 15 लोगों को मथुरा के जिला अस्पताल और 11 लोगों को वृंदावन के एक अस्पताल रेफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ नर्स जसवंत यादव ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के कारण महिलाएं, बच्चे समेत करीब 50 से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। इन लोगों ने कूटू के आटे के पकोड़े खाए थे, जिसके कारण इनकी तबीयत बिगड़ी।

बता दें कि जिन लोगों की तबीयत बिगड़ी है। उनमें गांव परखम, बरोदा, मिर्जापुर, मखदूम खैरट के लोग शामिल हैं। फिलहाल सभी लोगों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। लेकिन, इस घटना के कारण फूड विभाग में हडक़ंप मचा हुआ है।

## राजस्थान के धौलपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली पलटी, एक की मौत और 13 घायल

**धौलपुर । आरएनएस**

राजस्थान के धौलपुर में बड़ा हादसा हुआ है। धौलपुर के बिशन गिरी बाबा आश्रम से लौटते समय श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में कुल 14 लोग सवार थे। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। अन्य 13 लोग घायल हो गए। 13 घायल श्रद्धालुओं में से दो की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शेष 11 लोग दुर्घटना स्थल के निकट एक अस्पताल में भर्ती हैं।

हादसे के संबंध में आंगई थाने के हेड कांस्टेबल अशोक सिकरवार ने बताया कि सुबह करीब 6:15 बजे पुलिस को ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की सूचना मिली। हादसे की सूचना मिलने पर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां से ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने एक मृतक समेत सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हेड कांस्टेबल ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के जगनेर थाना क्षेत्र के सिंगायच गांव के रहने वाले हैं। ये सभी ट्रैक्टर ट्रॉली में बिशन गिरी मेले में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। तभी गदरपुरा गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली का स्टेयरिंग फेल हो गया जिससे ट्रैक्टर पलट गया।

हेड कांस्टेबल ने आगे बताया कि हादसे में वीरेंद्र ठाकुर पुत्र नवल सिंह की मौत हो गई, जबकि एक महिला श्रद्धा (50) और मासूम हेमंत (15) को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे में 11 लोग घायल हुए।

## बांग्लादेश पर आ गई एक और मुसीबत, 23 लोगों की मौत

❑ करीब 60 लाख लोग प्रभावित

**ढाका**



बांग्लादेश के कई हिस्सों में आई बाढ़ से 23 लोगों की मौत हो गई है। इस भयानक आपदा में लगभग 60 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और लाखों परिवार विस्थापित हो गए।

आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय के तहत देश के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया समन्वय केंद्र (एनडीआरसीसी) की दैनिक आपदा स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार दोपहर तक देश के कुल 64 जिलों में से 11 में बाढ़ के कारण 57,01,204 लोग प्रभावित हुए। बांग्लादेश की मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बाढ़ से 23 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 11 जिलों में 12,38,048 परिवार फंसे हुए हैं। दो लोग लापता भी बताए गए हैं।

टीवी रिपोर्ट्स से पता चला है कि बांग्लादेश के कई हिस्सों में पिछले हफ़्ते से ही मुख्य नदियों के उफान पर होने के कारण जमीन के बड़े हिस्से पानी में डूबे हुए हैं। बाढ़ ने कथित तौर पर देश के बड़े हिस्से में बस्तियों, फसलों, सडक़ों और राजमार्गों को भी व्यापक नुकसान पहुंचाया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने रविवार को अधिकारियों को बाढ़ से निपटने और लोगों को बचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद देने के लिए कड़े प्रयास कर रही है।

बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए अधिकारियों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित शरणार्थियों को राहत सामग्री वितरित करने और उन केंद्रों की निगरानी के लिए आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें भेजी गई हैं। बता दें कि बांग्लादेश में चीनी दूतावास ने रविवार को बाढ़ से होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए सबसे अधिक प्रभावित फेनी क्षेत्र में भोजन, पेयजल और आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा चीन की रेड क्रॉस सोसाइटी ने आपातकालीन मानवीय सहायता के लिए बांग्लादेश रेड क्रिसेंट सोसाइटी को 100,000 डॉलर का दान दिया। साथ ही यहां चीनी दूतावास ने मुख्य सलाहकार राहत और कल्याण कोष में 20,000 डॉलर दान करने की घोषणा की।